**STATEMENT BY MINISTER**
**Re. Killing of 15 Engineers and Experts by Terrorists in Sangrur District, Punjab, on 10th March, 1992**

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S.B. CHAVAN): Madam I rise to inform the House of a sad incident that occurred near the premises of Indian Acrylic Fibre Plant near Sangrur on 10th March, 1992.

According to report received from the Government of Punjab, terrorists about six in number struck at the premises of Indian Acrylics Fibre Plant near Sangrur on March 10 after sunset and shot dead 15 non-Punjabi engineers and experts hailing from Kerala, Maharashtra, Gujarat, Madhya Pradesh, Uttar Pradesh, Haryana and Himachal Pradesh. They were engineers and experts and representatives of various firms i.e. Seimens, ICB, Empower, PTPL and Grasin. The 200 crore Acrylic Plant is in an advanced stage of construction and was likely to be commissioned shortly. These experts of various firms were helping the Principals of the Acrylics Plant in construction, installation of machinery and equipment and imparting of technical know-how. The terrorists segregated non-Punjabis from the Punjabis and shot them dead with AK 47 after accusing the Management of not observing bandh as and when such bandh calls were given by the Punjab terrorists.

Sangrur Police had duly warned Indian Acrylics Limited about the security requirements and has even volunteered to set-up a police picket at the premises. Arms were also supplied to the management but these were not made use of as the management refused to accept any security cover. A copy of the letter written by the management refusing security cover and suggesting withdrawal of the Arms and Ammunition sent by the police to the Campus, is with the Government. The Principals had refused security on the ground that the U.S. based foreign collaborators Dupont has opposed stationing of armed securitymen on the campus. The firm had engaged 20 unarmed security personnel who could not render any assistance.

Sardar Beant Singh, Chief Minister, Punjab alongwith senior officers visited the scene of crime on the morning of March 11 and ordered immediate diversion of 12 PMF Coys. from other parts of the State to district Sangrur so as to restore confidence among the Industrial Units in district Sangrur. An army unit has also been stationed near the Campus for extending security cover in the neighbourhood. Ad-hoc compensation at the rate of fifty thousand to the victims was announced by the Chief Minister on behalf of the State and another ad-hoc compensation at the rate of fifty thousand to each victim will be paid by the Indian Acrylics Limited. Further appropriate relief to the victims will be worked out and paid by the respective firms.

The State Governments have been alerted to take due precautions to maintain peace and communal harmony and prevent any repraisal incidents from taking place.

I am sure the Members of this august House will join me in condemning the incident and in conveying our heart felt sympathies to the bereaved families.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu) : I would like to place on record my shock and horror on the incident that has taken place at Sangrur about which the hon. Home Minister has just now given a statement. As the Home Minister says in the statement, it is ironical that the State Government failed to take precaution to maintain peace and communal harmony. Immediately after this incident, when we should have been at the maximum alert state had taken care to see that no further incident takes place, a further ghastly incident occurred at Ludhiana where more than 20 people were killed. I do not understand what state of alertness is there of the State Government or of the people concerned when the Government is there, when the entire units of the army are there, and when people should have been far more careful; how the incident at Ludhiana occurred, and I would like the Home Minister to refer to the incident at Ludhiana also and tell this House how that incident occurred and what steps were taken to prevent such incidents.

[Shri S. B. Chavan]

I have very pointed clarifications to seek. Neither the State Government nor the employers are taking the responsibility. Somebody has to own the responsibility; buck has to stop somewhere. The State Government says that the employers refused security; the employers say that they did it because they were scared to attract attention of the militants. Now the buck has to stop somewhere. I would like to ask what steps are being taken. We all know that Punjab has the highest per capita income in the country till today.

Over 60 per cent of the foodgrains production comes from Punjab. Unless steps are taken to increase industrialisation to provide employment to the unemployed, these kinds of incidents will continue to occur.

The most significant thing about this incident is that the ire of the militants has been directed against commercial establishment. Of course, this is not the first instance of its kind. There was a similar incident earlier at the Nestle plant, where the militants walked away with Rs. 35 lakhs. Then, some executives from Pepsi Foods were kidnapped. There was another incident in the Punjab Electricity Board also. Incident of attacks on commercial establishments have taken place earlier also. It is, therefore, necessary that we should take note of this terrible dimension. Attacks are being made against commercial institutions, against public sector institutions. If these things happen, there will be flight of capital from Punjab.

Madam, I also understand that major industries are shifting out of Punjab. The industries which are already there in Punjab are shifting out. For example, Thapars, Oswal, etc., are shifting out of Punjab. The result will be, the *per capita* income will go down, the growth rate will go down, and industrialisation of Punjab will come to a complete stop. Therefore, my pointed question is, what steps the Government will take to see that commercial establishments are protected? What steps the Government will take to see that public sector and private sector establishments in Punjab are protected, so that the fragile economy of Punjab is maintained?

I hear that the companies are refusing a security for fear of drawing attention, or, for compromising with the militants. Here, there is another new dimension to this, which the Government has to take note of. This is the aspect of regional chauvinism, which is a very serious aspect of the whole thing. They isolated non-Punjabis. The militants have killed only the non-Punjabis and allowed the Punjabis to stay over there. Madam, this is a terrible strain on the fabric of unity of our country. Therefore, the Government should immediately take steps to see that the militants do not aggravate the chauvinistic passions. What steps the Government propose to take in this regard?

Finally, the hon. Home Minister has said in the statement that the persons killed were engineers and experts hailing from Kerala, Maharashtra, Gujarat, Madhya Pradesh, Uttar Pradesh, Haryana and Himachal Pradesh. But I am told that one or two from Tamil Nadu were also killed. I would like to know whether there were some engineers from Tamil Nadu also among the victims. Was it an oversight, or, the statement is correct?

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय** (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति जी, आशा यह थी कि पंजाब में लोकप्रिय सरकार बन जाने के बाद और वहां पर मुख्य मंत्री तथा मंत्री परिषद् आ जाने के बाद आतंकवादियों द्वारा की जाने वाली दुर्घटनाएं कम होंगी। लेकिन 10 मार्च को जो दुर्घटना हुई वह बुहत ही अमानुषिक और बर्बर थी। उसके बाद भी कई प्रकार की बड़ी दुर्घटनाएं हुई हैं। गृह मंत्री जी ने अपने वक्तव्य में इस बात को स्वीकार किया है कि संगरूर पुलिस ने इंडियन एक्केलिक्स लिमिटेड को सुरक्षा व्यवस्था के बारे में पूरी तरह से सचेत कर दिया था, यहां तक कि उसके परिसर में एक पुलिस चौकी स्थापित करने के लिए पेश-कश की थी। प्रबंधकों को शस्त्र भी दिए गए थे परन्तु उनका प्रयोग नहीं किया जा सका क्योंकि प्रबंधकों ने सुरक्षा व्यवस्था प्राप्त करने से इंकार कर दिया था।

कम्पनी के अंदर बहुत से लोग काम करते थे। इंजीनियर थे, मजदूर थे। वहां संगरूर के जो अधिकारी थे उनको इस बात की जानकारी थी जैसा कि गृह मंत्री जी के वक्तव्य से स्पष्ट है कि वहां पर लोगों के जीवन को खतरा उत्पन्न हो सकता था तो कंपनी के प्रबंधकों ने भले ही इसको मना किया लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं कि इस बात की जानकारी के बाद पंजाब के पुलिस

प्रशासन के जो स्थानीय संगरूर के वरिष्ठ अधिकारी थे उनकी ओर से वहां के लोगों की सुरक्षा के लिए क्या व्यवस्था की गयी? क्योंकि केवल प्रबंधक की ही कम्पनी में काम नहीं करते थे वहां बहुत से कर्मचारी थे। मेरी समझ से यह बहुत बड़ी भूल हुई। प्रबंधकों ने अगर इंकार भी कर दिया था तो भी सरकार को वहां पर सुरक्षा का इंतजाम करना चाहिए था। वहां के कर्मचारियों के इस बात को कहा भी है कि कम्पनी के ज्यादातर लोगों को शिकायत है कि उनकी हिफाजत का इंतजाम न तो राज्य सरकार ने किया और न कम्पनी ने किया। लिहाजा आतंकवादी आसानी से अपना काम कर गये और हत्याएं कर गये। एक तो मैं यह जानना चाहता हूं। दूसरा यह प्लांट अगर चालू हो जाता और ऐसी आशा थी कि 15 मई, 1992 को प्लांट चालू होने को था तो करीब करीब 500 लोगों को वहां पर नौकरी मिल जाती। फिलहाल तो वहां से लोग भाग गये हैं, जो पंजाब के अलावा के लोग हैं लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं कि आखिर यह प्लांट शुरू करने के लिए सरकार भविष्य में क्या करेगी और जो कर्मचारी वह स्थान छोड़कर चले गये हैं उनके परिवार के लोग छोड़कर चले गये है, सरकार को उनके अंदर इतनी शक्ति पैदा करनी चाहिए थी कि वे वापस आ सकें और वहां पर काम करना शुरू करें।

तीसरा, मेरा प्रश्न यह है कि पहले मुख्य मंत्री जी ने यह घोषित किया था कि 50 हजार रूपये की क्षतिपूर्ति की जाएगी जो लोग वहां पर मरे हैं। और बाद में शायद एक लाख रूपये की घोषणा की गई।

मैं जानना चाहता हूं कि सही बात क्या है? क्षतिपूर्ति पचास हजार दी जाएगी या एक लाख रूपये दी जाएगी।

मेरा अंतिम सवाल यह है कि वहां पर जिस प्रकार की व्यवस्था है, उस व्यवस्था में सुधार करने के लिए सरकार की ओर से क्या कार्यवाही की गई है।

SHRI M. VINCENT (Tamil Nadu) : Madam Deputy Chairman, even after the killings, the terrorists are threatening to annihilate all non-Punjabis who are employed in Punjab. What are the new measures taken by the Government to protect the lives of non-Punjabis there?

Is it a planned conspiracy on the part of the some foreign agency to foment retaliation from other ethnic groups in India to destroy the unity and integrity of this country? When the whole country, particularly, the affected States like Tamil Nadu, were in a shock and deep distress, the Indian Airlines unduly delayed the formalities to fly the dead bodies of Shri Srikrishna and Shri Ramakrishnan to Madras. Will the Government take severe action against the concerned persons who were responsible for the delay?

The Government says that the foreign-collaborated company had refused the security offered. How could a foreign-collaborated company dictate terms to the Government on the question of law and order? Is there any other company which has also refused the security offered by the Government?

This is a brutal killing by terrorists and not a routine accident in the company. Will the Government pay any additional aid and Compensation to the families of the victims?

SHRI V. NARAYANASAMY (Tamil Nadu): Madam, the Sangrur incident in killing of the 15 people, mostly executives and engineers, has sent shck waves throughout the country and we have expressed our concern about this. The manner in which the killings took place, is itself very dastardly. The reason is that the militants, who came there, asked the Punjabis to be segregated from the group and when the non-Punjabis were separated, once again to test the identity of those persons the militants asked them to speak in Punjabi. Those who could not speak Punjabi were asked to line up and then they were shot dead. Madam, this will create a communal situation in other parts of the country also, because most of the people who died were from South India.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I would request you to please ask a question. We know all the details. The Minister should know all the details. I am just telling you my difficulty. I have a lot of names of my list. The Congress Party has said that the first three people should be called. If you ask a pertinent, pointed question, I can accommodate more people. So, please ask just a question.

SHRI V. NARAYANASAMY: As the hon. Members have said, even if the factory refused to accept the security cover, the security should have been there. The Government knows that there is going to be an attack. So, security should have been provided outside the

[Shri V. Narayanasamy]
factory premises because more than 3000 people are working and this would have avoided the activities of the militants. Madam, the factory has been closed now. Other factories are also closing one by one. Those who are non-Punjabis are coming out of Punjab. Therefore, the only solution for this Government is to implement the Rajiv Longowal Accord. There is a strong demand....

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, are you asking a question or giving a solution?

SHRI V. NARAYANASAMY: Madam, I am asking. This is one of the grouses.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You ask a question whether they are going to or they are not—you are giving a solution—so that I can let more people to participate, please.

SHRI V. NARAYANASAMY: I am asking, Madam. Therefore, I would like to know from the hon. Minister when they are going to implement the Rajiv-Longowal Accord.

THE DEPUTY CHAIRMAN: That is better.

SHIV V. NARAYANASAMY: Madam, to give proper security to the people who are living there, whether they are Punjabis or any other community, has the Government got any action plan in sensitive places where militancy is there? Actually in Sangrur and other areas, in two, three places, Patiala and also other important districts regular killing of people is taking place. Therefore, I want to know whether in sensitive places whether they will have regular posting of para-military forces and the CRPF so that the incidents of militancy can be controlled by the Government.

Thirdly, Madam, as the Members have spoken, employment opportunities have to be created to divert the attention of the militants from the militant activity to bring them to the national mainstream. Have they got any action plan for creating more employment opportunities in Punjab?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shri Harvendra Singh Hanspal.

SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL (Punjab): Nobody from that side?

THE DEPUTY CHAIRMAN: We take all the names as they come in order.

SHRI S. JAIPAL REDDY (Andhra Pradesh): Not criss-crossing, Madam,

**उपसभापति** : नहीं यह तो है First come first service. We generally call first those who are sending their names first. If you want, I can ask someone else from the other side. It is okay. All right.

SHRI KRISHAN LAL SHARMA (Himachal Pradesh): Madam, I gave my name first.

**उपसभापति:** मैं इधर से इनको बुलाकर then I will call Shiv Shankerji. Krishan Lal Sharmaji.

**श्री कृष्ण लाल शर्मा:** महोदया, मैं गृह मंत्री महोदय से एक तो यह गिला करना चाहता हूं कि उन्होंने दूसरे सदन में लोक सभा में 12 तारीख को बयान दिया और यहां आज 16 तारीख को वह अपनी बात रख रहे हैं?

**श्री एस० बी० चव्हाण:** मैं 12 तारीख को शाम को देने वाला था, उस दिन मैंबर्ज़ बहुत कम थे इसलिए मैंबर्ज़ ने कहा कि आप सोमवार को दीजिए।

**श्री कृष्ण लाल शर्मा:** मैंने उस दिन भी यह कहा था, क्योंकि एक ही दिन अगर दोनों सदनों को विश्वास में लिया जाए तो ज्यादा अच्छा है।

मैं गृह मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि क्या वह पंजाब सरकार के इस तर्क से संतुष्ट हैं कि उस कंपनी ने सुरक्षा के लिए जो व्यवस्था उनको कही गई थी उनको उन्होंने नहीं माना और इसलिए यह घटना हुई है। क्या इस घटना और इन हत्याओं का कारण केवल यही है कि उन्होंने इस सुरक्षा की व्यवस्था को स्वीकार नहीं किया। मैं गृह मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि इस सारे कांड में कितना समय लगा और वहां पर जो आतंकवादी गए, वहां वे कितने समय रहे? क्या आज प्रदेश में जब सेना भी है, सुरक्षा बल भी है, तो कोई ऐसी पैट्रोलिंग व्यवस्था है कि जहां कभी भी कोई किसी आने जाने वाली आतंकवादी ग्रुप को कहीं पर कभी उन्होंने नैब कर लिया हो, पकड़ लिया हो? मैं यह गृह मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि क्या केवल सगरूर की ही यह बात है, इसके बाद तुरन्त लुधियाना में यह घटना कैसे हो गई है। लुधियाना में तो एक खुली आबादी में यह घटना हुई है। पहले हमेशा सरकार का यह तर्क रहा है कि आतंकवादी अपना क्राइम करके गुरुद्वारों में छुप जाते हैं, धार्मिक स्थलों में छुप जाते हैं, मैं अब पूछना चाहता हूं कि आतंकवदियों के अड्डे कहां पर हैं, क्या यह सरकार को मालूम है? अड्डों से

निकलते हुए और वापस जाते हुए जो वह लंबा सफर तय करते हैं, क्या सरकार को इसके बारे में कोई जानकारी है कि और वे कहां घूम रहे हैं? मेरी जानकारी के हिसाब से वे खुले आम बड़े-बड़े ग्रुप में घूमते हैं, आते हैं हत्याएं करते हैं और फिर चले जाते हैं। मैं गृह मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि पंजाब में इतने दिनों से आतंकवाद चल रहा है।

एक भी घटना वह मुझे बता दें कि जब घटना स्थल पर आतंकवादियों को पकड़ा गया हो या एक भी घटना मुझे बता दें जबकि किसी बड़ी-से-बड़ी घटना के बाद किसी आतंकवादी को गिरफ्तार कर के कानून के हवाले किया गया हो और उसे कानून के तहत सजा दिलवायी गयी हो। महोदया, मैं समझता हूं कि यह सरकार की अयोग्यता है और वह सारे आतंकवाद को किसी भी तरह से कंट्रोल करने में विफल रही है। इसलिए सरकार को इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए और वह स्टेटमेंट देकर अपना पीछा नहीं छुड़ा सकती। इसके तुरंत बाद लुधियाना की घटना का भी कारण इनको बताना होगा।

महोदया, दूसरी बात जिस फैक्ट्री में यह घटना हुई है और इतने लोग मारे गए हैं, उनको क्या कंपनसेशन मिलनेवाला है? जो उनकी तनख्वाएं थीं, उसके हिसाब से उनके परिवार को क्या कुछ मिलेगा? क्या सरकार भी इसमें कोई मदद करेगी या कंपनी को कुछ देगी? इन सारी बातों के बारे में क्या सरकार को कुछ चिंता है? महोदया, मैं गृह मंत्री महोदय से यह कहूंगा कि यह बहुत ही दुखदायी घटना है जिसमें गैर पंजाबियों को इस तरह से मारा गया। इसके पहले भी बिहार से लेबर गयी है और इस तरह से लोगों के मारे जाने के बाद ऐसी घटनाएं हुई हैं जिससे कि बाहर से आनेवाले लोगों को एक उत्तेजना दी जाती है कि इसका कोई रिएक्शन या ऐसी कोई बातें दूसरे प्रदेशों में हो।

महोदया, यह बहुत चिंता की बात है और हमारी सरकार को इस तरफ गंभीरतापूर्वक ध्यान देना चाहिए। मुझे लगता है कि यह जो आशा बंधी थी नयी सरकार बनने के बाद कि पंजाब में लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल होगी, आतंकवाद पर काबू पा लिया जाएगा, मैं समझता हूं कि यह आशा धूमिल हो रही है और सरकार को इसके बारे में यह बताना चाहिए कि नयी सरकार बनने के बाद वहां वह कौन से ऐसे ठोस कदम उठा रही है जिससे कि आतंकवाद को और ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से वह रोक सकेगी? धन्यवाद।

SHRI P. SHIV SHANKER (Gujarat): Massacres are a daily affair so far as Punjab is concerned and we are used to live with that. I would not have risen to say anything but for a serious matter which the hon. Home Minister has put in this statement. While no political capital need be made on human sufferance based on religion, region or language, the matter of greatest dismay and agony is about what has been said by the hon. Home Minister in paragraph 3 of his Statement, a portion of which is worth noting. The hon. Minister says that "the Principals had refused security on the ground that the US based foreign collaborators, Dupont, had opposed stationing of armed security men on the campus." Another part of it says that "the management refused to accept any security cover." The third part of it is "the firm had engaged 20 unarmed security personnel who could not render any assistance." The sum and substance of what has been said amounts to this that because Dupont objected to it, therefore, the management objected and, therefore, we did not provide any security cover. The Government has yielded because Dupont instructed the management and the management had requested so. Does that mean in the matter of security cover, Government goes by its own perceptions or does it act at the instance of the persons concerned? I am a little serious on this issue. The political personalities of eminance in this country have been oft and on refusing security cover. The greatest lives in this country—two amongst them, Mrs. Gandhi and Rajiv Gandhi—we have lost because they did not want to have the security cover.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Also Mahatma Gandhi.

SHRI P. SHIV SHANKER: I just referred to the recent time. Now, does that mean that the Government's policy is that, if an eminent person or even for that matter, any person in spite of the fact that he has a security risk, says that he does not want to have any security cover, the Government would absolve itself of the responsibility? This is a serious matter which the House should consider and the Home Ministry must evolve a policy. This is one aspect of it.

The second aspect of it is that merely because Dupont instructs, which the Government is aware of, and the management writes, the Government has not given the security. Does it mean to

[Shri P. Shiv Shanker]

say, if tomorrow the United States of America asks the Government that you withdraw your forces from Punjab and Jammu and Kashmir, they will yield to that? What does that mean? Where are we? What are our policy perceptions? I want the hon. Home Minister to give a serious thought to it and take the House and the nation into confidence in allaying the fears of the people. Thank you, Madam.

**श्री मोहम्मद सलीम** (पश्चिमी बंगाल): उपसभापति जी, हिन्दी में दी गई स्टेटमैंट के पैरा 2 में और अंग्रेजी के पैरा 3 में, हमारे माननीय श्री शिव शंकर जी भी अभी जो बात कह रहे थे कि यू॰एस॰ बेसड कोलेबेरेशन, डयूपोन, उन्होंने इंकार किया तो हमने कम्पनी के परिसर के अंदर कोई सिक्योरिटी का अरेंजमेंट नहीं किया। संगरूर जो आतंकवादी गतिविधियों से भरी हुई जगह है, वहां किलिंग्स, मेस्सैकरस इससे पहले भी हुए हैं लेकिन संगरुर के नज़दीक जिले के अंदर कम्पनी के प्रमिसिस के अंदर ऐसा कांड हुआ, जब कि नव-निर्वाचित मुख्य मंत्री बार-बार यह कहते रहे हैं कि "आर्मी विल रिमेन", लेकिन हमने उस कम्पनी प्रमिसिस को यू॰एस॰ कम्पनी के हाथ में छोड़ दिया। अब सवाल यह है कि कब उन्होंने रिफ्यूज़ किया था? क्योंकि जिस तरह से बयान में लिखा गया उससे ऐसा पता चलता है कि चाहे वह पंजाब सरकार हो यह गृह मंत्री हों, वे हाथ धोना चाह रहे हैं कि हमारी पाकेट में एक पत्र है और इसमें यह लिखा है कि वे सिक्यूरिटी कवर नहीं चाहते थे इसलिए हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। यद्यपि यह बात वहां लिखी नहीं है लेकिन इसका मतलब यही स्पष्ट होता है। तो मेरा सवाल यह है कि कब उन्होंने रिफ्यूज़ किया था?

मेरा दूसरा सवाल यह है कि ऐसा क्यों हुआ? मैं वह बात दोहराना नहीं चाहता जो शिव शंकर जी कह चुके हैं, लेकिन यह एक गंभीर मामला है, यह किसी एक जगह या किसी एक किलिंग्स का मामला नहीं है। सिक्यूरिटी के बारे में टेरेरिस्ट से मुकाबले के बारे में हमारी सरकार का नज़रिया क्या होगा, यह भी इससे जुड़ा हुआ है। तो मैं अपने गृह मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि क्या वे तैयार हैं टू गो इन टू डिटेल, एक इन्क्वायरी इंस्टीटयूट करें, यह पता लगाएं कि क्या कोलेबरेशन की शर्त में ऐसा है क्योंकि अभी हम बहुत से ऐसे इन्वेस्टमेंट ले आ रहे हैं— देश के अन्य भागों में भी ले आएंगे, पंजाब में भी ले आएंगे, इनके अंदर ऐसी शर्त होगी? यह सिर्फ कानून और व्यवस्था का ही सवाल नहीं है, बल्कि हमारे देश की एकता का सवाल भी इससे जुड़ा हुआ है। जिस तरह से यह पंजाबी या नान-पंजाबी का सवाल आया, इसको लेकर सियासत करने का समय नहीं है। मैं यह पूछना चाहता हूं अमेरिकन कोलेबरेटर्स तो अमेरिका में बैठकर निर्देश दे रहे हैं, कि जहां यह किलिंग्स हुई, क्या वहां कोई अमरीकी तकनीकी व्यक्ति मौजूद थे, जिनके अंदर पंजाबी या नान पंजाबी किया गया, वहां कोई अमरीकी, कोई एक्सपर्ट या दूसरे एम्प्लाइज या एग्जीक्यूटिव्स मौजूद थे, कम्पनी परिसर के अंदर या नहीं क्योंकि बयान से यह स्पष्ट नहीं होता? हमारी इंटेलिजेंसी क्या कर रही थी? हमने तो शस्त्र पेचे और वह उन्होंने वापिस कर दिये, लेकिन ऐसा एक कांड होने जा रहा है क्योंकि चुनाव किस तरह से हुए उसमें यह बार-बार इसे कह रहे थे, सब जानते हैं, वह आप भी कह रहे थे कि इसमें कोई आतंक-संस्कृति की बात नहीं है, चुनाव के बाद भी ऐसा कांड हो सकता है और हो रहा है। तो हम जब यह कहें कि इस तरह से सिक्यूरिटी का सवाल है और वहां पैट्रोलिंग के अरेंजमेंट के अलावा इंटेलिजेंस की खबर क्या थी क्योंकि उन्होंने मारते समय पहले बंद का सवाल उठाया कि जब भी आतंकवादी बंद बुलाते हैं, वह मानते नहीं हैं। तो हमारी इंटेलिजेंस के पास ऐसी कोई खबर थी या नहीं, यह मेरा दूसरा सवाल है?

मेरा तीसरा सवाल यह है कि मंत्री महोदय के साथ इसको हम कंडम तो करते ही हैं, दुख तो प्रगट करते ही हैं, लेकिन आये दिनों ऐसा कांड ताकि न हो, क्योंकि पंजाब की सिचुएशन को चाहे वह जम्मू कश्मीर की सिचुएशन हो, जो लोग इसे कर रहे हैं, जो उन्हें एके॰ 47 दे रहे हैं, जो उन्हें ट्रेनिंग दे रहे हैं और वही अगर हमारे देश में विनियोग के नाम पर हमारी नीति को भी ठीक कर देते हैं तो ऐसा सवाल और भी आगे बढ़ने वाला है। इसकी रोकथाम करने के लिये हम वहां क्या प्रबंध करेंगे, क्योंकि वह अपने स्वार्थ में इसको कम्युनलाइज करने की कोशिश कर रहे हैं, हत्याओं के जरिये इस सिचुएशन को वे कम्युनलाइज करने की कोशिश कर रहे हैं। तो आये दिनों ऐसे कांड को रोकने के लिये हम क्या प्रबंध लेंगे? गृह मंत्री महोदय के इस बयान में कुछ नहीं है। वह सिर्फ पंजाब सरकार को सचेत रहने के लिये कह रहे हैं। पंजाब सरकार तो पहले से ही सचेत थी, जब से कांड हो रहा है। मैं इसके बारे में स्पष्ट रूप से जानना चाहता हूं कि हमारी सरकार आगे क्या रास्ता अपनायेगी, ताकि इसको रोका जा सके? धन्यवाद।

**श्री हरसेन्द्र सिंह हंसपाल:** डिप्टी चेयरमैन महोदया, पंजाब के अंदर जो किलिंग्स हो रहा है, मैं उसकी सख्त से सख्त शब्दों में निंदा करता हूं, कंडम करता हूं और मैं यह समझता हूं कि 10 तारीख के बाद अगर किसी वजह से यहां पर स्टेटमैंट नहीं हो सका और आज 16 तारीख को हो रहा है तो गृह मंत्री महोदय इसको अपटूडेट कर देते तो बहुत अच्छा रहता। Much

water has flowed since then. Another 40 have gone; or more than that. बी०एस०पी० के लोग मारे गये, महेन्द्र सिंह कूका जालंधर में मारा गया, लुधियाना में बी०जे०पी० के लोग मारे गये और उन्होंने जो क्लिअर मेसेज दिया:

The message is very loud and clear. These people were killed because they participated in the election process. Mahendra Singh Kuka had the election office in his house in Jalandhar. That is why he was killed.

ठीक है संगरूर में जो लोग मारे गये, उन्होंने उसका दूसरा रीजन दिया कि वह वोट नहीं करते या वोट नहीं किया। वह लोग तो पार्टिसिपेट कर नहीं सकते थे, क्योंकि दूसरे प्रदेशों से आये हुए थे। हो सकता है कि उनका वहां पर वोट न हो। मूल सवाल—बेसिक क्वेश्चन यह नहीं है गृह मंत्री महोदय, कि कितने मरे, कैसे मरे, क्यों मरे और आगे के लिये आप क्या प्रबंध कर रहे हैं? क्या मैं आपके स्टेटमेंट से यह समझ लूं कि जो आपने प्रबंध कर दिया है, अब इसके बाद पंजाब में कोई आदमी मरने नहीं जा रहा है? अगर इन सवालों का आप जवाब नहीं दे पायेंगे तो फिर इस स्टेटमेंट का और इस सदन के समय को जिसको हम इस्तेमाल कर रहे हैं, मैं समझता हूं कि इसको हम बरबाद कर रहे हैं। मैं नहीं समझता कि आप कुछ ऐसा आश्वासन भी आज दे सकेंगे कि इस स्टेटमेंट के और जवाब होने के बाद से पंजाब में कोई आदमी नहीं मरेगा, ऐसा प्रबंध किया है?

**उपसभापति:** ऐसा तो कोई भी नहीं दे सकता। ख्वाहिश जरूर करेंगे। होम मिनिस्टर की यह उम्मीद, अपेक्षा होगी। मगर गारंटी तो कौन दे सकता है? (**व्यवधान**)

**श्री राम अवधेश सिंह** (बिहार): ऐसा सवाल पूछिये, जिसका जवाब दिया जा सके...(**व्यवधान**)

**श्री हरवेन्द्र सिंह हसपाल:** जब आपकी बारी आयेगी न, तब आप बात करिये।

**उपसभापति:** राम अवधेश जी, आप डिस्टर्ब न करें प्लीज। आपका नाम है मेरे पास, तब आप बोलियेगा। (**व्यवधान**)

**श्री हरवेन्द्र सिंह हसपाल:** आपको शायद यह मालूम नहीं कि पंजाब की स्थिति क्या है? आप इसको हंसी में लेते हैं। डिप्टी चेयरमेन महोदया, मैं आपके थ्रू गृह मंत्री महोदय से यह बात कहना चाहूंगा कि पंजाब के अंदर इलेक्शन हुए एम०एल०एज०, एम०पीज० ने अपनी जान हथेली पर रखकर इलेक्शन लड़े। लेकिन हम कह सकते हैं कि उन्होंने इसलिये अपनी जान हथेली पर रखी कि उन्हें एम०एल०ए०, एम०पी० बनना था। लेकिन जिस 25 परसेंट पापुलेशन ने वोट दिया अपनी जान हथेली पर रखकर, उनको क्या मिला? अगर बाकी 75 परसेंट की तरह वह भी वोट न डालते तो उनका क्या बिगाड़ने जा रहा था? कुछ नहीं। उन्होंने इतना बड़ा रिस्क इसलिए लिया कि नयी सरकार आएगी और सेंट्रल सरकार उसके साथ मिलकर पंजाब के अंदर पीस लाएगी। They cast their vote just to buy peace in Punjab.

अगर हम वह नहीं कर पाएंगे, अगर ऐसा नहीं होगा तो इससे तो मतलब नहीं कि पहले सिक्किम छोटी थी तो गवर्नर महोदय जाते थे। अब चीफ मिनिस्टर चले जाते हैं। आपने अपने स्टेटमेंट के अंदर कहा, बहुत से मेरे मित्रों ने उसका जिक्र किया, कि- The terrorists segregated the non-Punjabis from the Punjabis.

यह बहुत अहम बात है। अब तक इन मिलिटेंट्स के पीछे किसका हाथ है, उन्होंने यह फैसला किया था कि हिंदुओं को बस में से निकालकर, हिन्दुओं को अलग करके मार दिया जाए ताकि हिंदू-सिख फरक हो जाएं। पिछले 10 साल से पंजाब में रहने वाले हिंदू-सिखों को शाबाश है कि उनकी समझदारी की वजह से वे लोग अपने मकसद में कामयाब नहीं हुए। लेकिन अब उन्होंने एक नयी बात कर दी, पंजाबी-ना न पंजाबी की बात कर दी। वे चाहते हैं कि देश के दूसरे हिस्सों में जो पंजाबी रहते हैं, उनके साथ वह हालत की जाए जो पंजाब में नान पंजाबीज के साथ की जा रही है। यह नयी डायमेंशन है। इसकी तरफ आपको खास ध्यान देना चाहिए।

मैं आपसे चंद सवाल करना चाहूंगा। आज 22 दिन हो गए नयी सरकार को बने, क्या ठोस कदम उठाए हैं सेंट्रल सरकार ने? पंजाब सरकार की जिक्र में इसलिए नहीं करना चाहता कि उनके बस में कोई बात नहीं है। जो कुछ करना है, आपने यहां से करना है। उसके लिए क्या ठोस कदम आपने उठाए हैं? अगर आप यह समझते हैं कि पंजाब सिर्फ एक लॉ एंड आर्डर प्राब्लम है, तो मैं यह समझता हूं कि आप बहुत गंभीर गलती कर रहे हैं। पंजाब सिर्फ एक लॉ एंड आर्डर प्राब्लम नहीं है।

तीसरी बात जो अहम है, प्रधानमंत्री महोदय ने इलेक्शन से पहले एक पैकेज की बात शुरू कर दी। ठीक था या गलत था, मैं इस बहस में इस वक्त नहीं जाना चाहता लेकिन उसका जिक्र हुआ और आपकी तरफ से, प्रधानमंत्री जी की तरफ से यह कहा गया कि पंजाब में जो सरकार चुनकर आएगी, उसको हम पैकेज देंगे उससे पहले नहीं देंगे। क्या मैं यह मान लूं कि यह पैकेज 6 महीने के बाद आएगा या एक साल के बाद आएगा? अगर लेट आएगा तो आपका पैकेज देने का कोई फायदा नहीं होगा।

[श्री हरेन्द्र सिंह हंसपाल]

पंजाब के अंदर अकाली दलों ने इलेक्शनों का बॉयकाट किया और वे इस वक्त बुहत बुरी हालत में है। उनको यह समझ में नहीं आ रहा कि कैसे वे अपने इलेक्टोरेट को एक्सप्लेन करें कि उन्होंने इलेक्शनों का बॉयकाट क्यों किया। वह पछता रहे हैं। वे रिग्रुप होने की कोशिश कर रहे हैं और जो अभी उनका एक सम्मेलन होने जा रहा है, उसमें वे रिग्रुप हो जाएंगे। अगर उन्होंने कुछ डिमांड्स सरकार से की और उसके बाद आपने एनाउंस की तो जो उसका बैनिफिट, उसका फायदा पहुंचने वाला है, वे उस फायदे को ले लेंगे और लोगों को एक्सप्लेन करेंगे कि देखो हमने मांगा तो वह पंजाब को मिल गया। इसलिए आप जितनी इसमें देर कर रहे हैं, उतना उसका बैनिफिट जो होने वाला है पंजाब के अंदर, वह नहीं होगा। उससे वे वंचित रह जाएंगे।

राजीव-लोंगोवाल एकार्ड की बात भी कही गई। उसी को इम्प्लीमेंट कर दीजिए, और कुछ समझ में नहीं आता तो। अब मैं इससे ज्यादा डिटेल में नहीं जाता। एक बात कहकर मैं खत्म करूंगा कि परसों शाम को लुधियाना में किलिंग हो गई, शहर के अंदर हो गई। संगरूर में कैसे हुई, उसके बारे में मेरे साथियों ने डिटेल्स पूछीं लेकिन जो लुधियाना में किलिंग्ज हुई हैं, वे ढाई-तीन किलोमीटर तक किलिंग करते चले गए। वहां पर आर्मी भी है, सी०आर०पी०एफ० भी है, पुलिस भी है और वहां पर जो पुलिस स्टेशन है, वह बहुत नजदीक था। वहां पर सी०आर०पी०एफ० की टुकड़ी किसी वी०आइ०पी० के घर के बाहर तैनात थी। लोगों ने उनसे कहा कि हवा में फायर कर दीजिए, लेकिन उन्होंने इंकार कर दिया कि हम फायर नहीं करेंगे। हमारे अधिकारियों ने यह आदेश दिया है कि — Every shot you fire should be on the terrorists. इसलिए हम कोई फायर करने नहीं जा रहे हैं, और उन्होंने फायर नहीं किया। करीब एक घंटे बाद वहां पुलिस पहुंची जब कि वह थिक्ली पापुलेटेड एरिया है। मैं नहीं समझता कि इस किस्म के इंतजाम से वहां का मसला आप हल कर सकेंगे। वैसे तो मैं नहीं मानता कि यह लॉ एंड आर्डर प्राबलम है क्योंकि चप्पा-चप्पा पर आप पुलिस खड़ी नहीं कर सकते। इसलिए मैं आपसे स्पैसिफिकली पूछना चाहता हूं कि पंजाब की प्राबलम को सॉल्व करने के लिए जो कदम आपने उठाए हैं वह क्या हैं या कब तक उठाने जा रहें हैं?

**श्री आनन्द प्रकाश गौतम** (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति जी, संगरूर की घटना अत्यंत निंदनीय है और सभी लोगों के दिल को दहलाने वाली है। एक सवाल जो बार-बार दिमाग में गूंजता है उसके बारे में तमाम माननीय सदस्यों ने ज़िक्र किया है, उसी के तहत में थोड़ा आगे जाकर जानकारी चाहता हूं। स्टेटमेंट से साफ ज़ाहिर होता है कि संगरूर की पुलिस ने इंडियन ऐक्रेलिक्स लिमिटेड को सुरक्षा व्यवस्था के बारे में पूरी तरह सचेत कर दिया था और आगे यह भी है कि परिसर के अंदर शस्त्र और गोला-बारूद भी इकट्ठा कर दिए गए थे सुरक्षा के लिए। जो पत्र लिखा है उस पत्र के माध्यम से उन्होंने अस्वीकार कर दिया, सुरक्षा नहीं लेना चाहते थे, यह भी कहा गया है। तो मैं जानना चाहता हूं कि सरकार की तरफ से उनसे कुछ पूछा गया था? कोई शर्त निर्धारित की गई थी कि यह लेना आवश्यक है या चाहते हैं या नहीं? क्या कोई अन्य परिस्थितियां थीं जिनके तहत कंपनी ने इस सुरक्षा व्यवस्था को लेने से मना किया? उससे आगे भी एक प्रश्न यह जुड़ता है कि कंपनी ने सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों को तैनात करने का विरोध किया था और उन्होंने जो अपनी व्यवस्था की थी, जो 20 सुरक्षा कर्मी तैनात किए थे उनके पास शस्त्र नहीं थे? एक और बात है कि इस घटना से जो लोग मरे या आहत हुए वह हमारे देश के विभिन्न प्रदेशों के तकनीकी विशेषज्ञ ही रहे हैं। उनमें कोई विदेशी तकनीकी नहीं मरा है। क्या ऐसी संभावना भी है कि या कुछ ऐसी भी जानकारी सरकार को है तो सदन को बताने की कृपा करें कि इस प्रकार की घटना में विदेशी साज़िश थी जो हमारे तकनीकी विशेषज्ञों को समाप्त करने की रही हो?

SHRI S. JAIPAL REDDY: Madam, I would like to confine myself to a few clarifications. As we all know, Punjab, has been a sensitive State for the last seven or eight years, but it has become all the more sensitive, all the more explosive, after the recent election which in our view was ill-conceived and in this election unfortunately the division between two communities came to the surface which had not been witnessed before. In view of this, what are the steps being contemplated to deal with the postpoll situation? It has been stated in the statement made by the Home Minister that Dupont managment had refused to avail of the security cover. I would like to know whether they declined this security cover before the elections or after the elections. If they declined before the elections, did the Government make a renewed plea to them after the elections, in view of the increased sensitivity in the post-election situation? The regrettable feature of this Sangrur incident, as everybody has mentioned, is that non-Punjabis were isolated, segregated, for this butchery. But

the tragic aspect of Ludhiana incident, which followed closely on the heels of what happened at Sangrur, is the BJP members were segregated. These are two new dimensions of these two incidents. Our hearts, of course, go out in sympathy to the victims of both the incidents. But the House needs to be on guard against these two new dangerous dimensions the Punjab imbroglio is, of late acquiring.

SHRI N.K.P SALVE (Maharashtra): Madam, let it be made clear that this House is not worried about Punjabi or non- Punjabi as much as the loss of human life.

SHRI S. JAIPAL REDDY : I was only drawing attention to the news. I agree with you. The Government thinks after the recent elections the problem of Punjab has been solved some how. Does it not feel that these incidents might keep on recurring? Therefore, a solid attempt at a political resolution must be attempted. My friends from the other side has suggested a political package. I wish such a package had been announced before the polls, in which case the whole election would have been much more meaningful. But I am not going into the past. This is not an occasion for us to keep apportioning the blames. But, may I draw the attention of the Minister to the fact that some important leaders of Akali Dal, who have been hitherto considered relatively moderate, were incarcerated on the eve of the polls? I may, for instance, refer to Mr. G. S. Tohra, Mr. Badal, and so on. I would like to know as to why they are still being kept in jail. In fact, I was alarmed to learn through an interview published in a newspaper recently that Mr. Tohra, who has been so far, as I mentioned earlier, known to be a relatively moderate Akali Dal leader, made a dangerous statement that nothing other than Khalistan would satisfy them now. So, is the Government addressing itself to this aspect as well and, if so, what exactly is the response the Government is trying to formulate?

**श्री सिकन्दर बख्त** (मध्य प्रदेश): शुक्रिया, मैं बहुत कर्ब के आलम में अपनी बात करने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस किस्म की स्टेटमेंट्स जो हमारे सामने आ रही हैं वह एक बेहिसी रस्म बन गई है। पता नहीं चलता यह स्टेटमेंट किसी गवर्नमेंट की है या किसी नान गवर्नमेंट की है। शिव शंकर साहब ने दो बातों की तरफ तवज्जो दिलाई थी। उनमें एक बात को मैं अपने तौर से पूछना चाहता हूं। जितने लोग इस हादसे के अलावा पंजाब में लगातार मारे जा रहे हैं क्या वे लोग इसलिए मारे गये कि उनको सेक्योरिटी ऑफर की गई थी और उन लोगों ने सेक्योरिटी लेने से मना कर दिया था?

इन लोगों के मारे जाने के बाद खासतौर से इस दलील को देने का मतलब क्या हुआ ? सवाल मौत का है। जान और माल की हिफाजत करने के लिये यह सरकार क्या कर रही है?

मैं इस सवाल को दोहराना नहीं चाहता, मैं इस चीज को दोहराना नहीं चाहता कि वहां जो अमेरिकी फर्म है उस अमेरिकी फर्म ने मना कर दिया।



**श्री एन के० पी० साल्वे:** सवाल यह नहीं है। इंसान जिसकी जान जाती है या इंसानों की जो जानें जा रही हैं उनकी हिफाजत के लिये क्या किया है। यहां पर बुनियादी तौर से यह सवाल है कि अगले लोग कहते हैं कि हमें सेक्योरिटी नहीं

@[] Transliteration in Arabic Script.

चाहिये और आप जानते हैं कि रिस्क है, तब सरकार की क्या जिम्मेदारी होती है, यह बुनियादी सवाल है।

**श्री सिकन्दर बख्त:** मुझे माफ करेंगे, मेरी कोई जरूरत तो नहीं थी इसमें इंटरवेंशन की, अगर साल्वे साहब कुछ कहना चाहें तो बशौक कहें। लेकिन मेरा कहना यह है कि पंजाब में अब तक हजारों आदमी मारे जा चुके हैं और ये हजारों आदमी वे हैं जिनको सेक्योरिटी का आफर करने या मना करने का मौका ही नहीं मिला है। तो क्या उन आम लोगों की जान और माल की जिनको सेक्योरिटी आफर नहीं की गई है, कोई जिम्मेदारी सरकार पर नहीं है?

شری سکندر بخت - مجھے معاف کریں گے - میری کوئی ضرورت نہیں تھی - اس میں انٹرویننشن کی - اگر سالوے صاحب کچھ کہنا چاہیں تو بشوق کہیں - لیکن میرا کہنا یہ ہے کہ پنجاب میں اب تک ہزاروں آدمی مارے جا چکے ہیں اور یہ ہزاروں آدمی وہ ہیں جن کو سیکیورٹی کا آفر کرنے یا منع کرنے کا موقع ہی نہیں ملا ہے - تو کیا ان عام لوگوں کی جان اور مال کی جن کو سیکیورٹی آفر نہیں کی گئی ہے - کوئی ذمہ داری نہیں ہے

